भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1455
उत्तर देने की तारीख : 31.07.2024

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम

1455. श्री एस वेंकटेशन:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कितनी धनराशि का उपयोग नहीं किया गया और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क): पिछले चार वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत आवंटित धनराशि और व्यय का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वितीय वर्ष	बजट अनुमान (करोड़ रु. में)	व्यय (करोड़ रु. में)
2020-21	1600.00	1091.94
2021-22	1390.00	1266.97
2022-23	1600.00	222.67
2023-24	600.00	188.91

(ख) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन और धनराशि का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जारी की गई धनराशि का उपयोग करने के लिए छूट दी गई है। व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय की संशोधित कार्यविधि के अनुसार, अब प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत जारी की गई धनराशि किसी व्यक्तिगत विशिष्ट परियोजना तथा किसी वित्तीय वर्ष तक ही सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के राज्य नोडल एजेंसी (SNA) के खाते में उपलब्ध राशि एक सामान्य पूल का कार्य करती है, जिसका उपयोग राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, विभिन्न वर्षों में स्वीकृत उनके अन्य चालू परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कर सकते हैं।

*****